# किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय उ0प्र0

उत्तर प्रदेश, लखनऊ-226003, भारत

## पैरामेडिकल विज्ञान संकाय

email: kipms@kgmcindia.edu website: www.kgmu.org


पत्रांक.355/KGMUIPMS/2022 दिनांक : 10/06/2022

## Information of Faculty of Paramedical Sciences

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Any Special Facility Attached | None | | |
| 2 | Courses | 1 | Diploma in Dialysis Technician | Running Smoothly |
| | | 2 | Diploma in Cardiology Technician | |
| | | 3 | Diploma in Medical Laboratory Technician | |
| | | 4 | Diploma in X-Ray Technician | |
| | | 5 | Diploma in C.T. Scan Technician | |
| | | 6 | Diploma in M.R.I. Technician | |
| | | 7 | Diploma in O.T. Technician | |
| | | 8 | Diploma in Emergency and Trauma Care Technician | |
| | | 9 | Diploma in Physiotherapy | |
| | | 10 | Diploma in Optometry Technician | |
| | | 11 | Diploma in Sanitation | |
| | | 12 | Diploma in Radiotherapy Technician | |
| | | 13 | Diploma in Blood Transfusion Technician | |
| | | 14 | Diploma in Anesthesia & Critical Care Technology | Approved by UPSMF in 2021 Student Enrolment will start from coming session |
| 3 | Regulatory Body | Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow | | |
| 4 | Last Inspection | Refer to Letter No.7630/14 dt.25.08.2014 (Photocopy Attached) | | |
| 5 | Result | S.N.1 to 12 Diploma Courses was Approved to Start by letter no.9573/14 dt.30.10.14 (Photocopy Attached)<br>S.N.13 Diploma Courses was Approved to Start by letter no.10987/17 dt 22.12.17 (Photocopy Attached)<br>S.N.14 Diploma Courses was Approved to Start by letter no.8557/21 dt. 21.10.21 (Photocopy Attached) | | |


CENTRAL LIBRARY
Dated 10/06/22
348/
University Lucknow


Sri S.K. Singh.

10/06/22

Act. Dean
Faculty of Paramedical Sciences
KGMU Institute of Paramedical Sciences
King George's Medical University, U.P.
Lucknow

# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ - 226001
फोन : 0522 - 2238846, 2236600, फैक्स : 0522-2237800

पत्रांक सं0 7630/14 दिनांक 25/01/14

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
चिकित्सा शिक्षा,
उत्तर प्रदेश शासन,
चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–2,
लखनऊ ।

**विषय–किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय इन्स्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज, लखनऊ द्वारा डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री, डिप्लोमा इन आर्थोप्टिक्स, डिप्लोमा इन फिजियोथिरेपी, डिप्लोमा इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन कार्डियोलोजी टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन सी0टी0 स्कैन टेक्नीक्स, डिप्लोमा इन एम0आर0आई0 टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन सेनीटेशन एवं डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन प्रशिक्षण प्रारम्भ करने हेतु स्वीकृति/अनुमति के संबंध में।**

महोदय,

कृपया कुलसचिव, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या 17367/G.A दिनॉक 21.08.2014 जो आपको सम्बोधित एवं इस कार्यालय को पृष्ठांकित है का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जो पैरामेडिकल प्रशिक्षण के विभिन्न विषयों को संचालित करने हेतु किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय इन्स्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज, लखनऊ के नाम से डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री, डिप्लोमा इन आर्थोप्टिक्स, डिप्लोमा इन फिजियोथिरेपी, डिप्लोमा इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन कार्डियोलोजी टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन सी0टी0 स्कैन टेक्नीक्स, डिप्लोमा इन एम0आर0आई0 टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन सेनीटेशन एवं डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन प्रशिक्षण प्रारम्भ करने के लिए मान्यता/सम्बद्धता हेतु प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त प्रशिक्षणों को संचालित करने हेतु उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी की शासी समिति द्वारा नियुक्त निरीक्षकों से संस्थान का स्थलीय निरीक्षण कराया गया।

..........2

शासकीय क्षेत्र का चिकित्सा विश्वविद्यालय किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय है जिसके अर्न्तगत गॉधी मेमोरियल एवं सम्बद्ध चिकित्सालय लखनऊ में विभिन्न विशिष्ट विशेषताओं के विभाग संचालित है। समस्त विभागों के बेडों की संख्या लगभग 4,000 है, जिसमें प्रशिक्षणों से संबंधित समस्त संसाधन उपलब्ध है।

चिकित्सा विश्वविद्यालय में चिकित्सकीय, तकनीकी, प्रशासनिक एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ है, निरीक्षण आख्या को उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी की एक्जीक्यूटिव बाड़ी की बैठक दिनॉक 25.08.2014 में विचारार्थ रखा गया। एक्जीक्यूटिव बाड़ी ने भी निरीक्षण पर स्वीकृति प्रदान की। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय इन्स्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज, लखनऊ द्वारा डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री, डिप्लोमा इन आर्थोप्टिक्स, डिप्लोमा इन फिजियोथिरेपी, डिप्लोमा इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन कार्डियोलोजी टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन सी0टी0 स्कैन टेक्नीक्स, डिप्लोमा इन एम0आर0आई0 टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन सेनीटैशन एवं डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन प्रशिक्षणों में 30 छात्र प्रतिवर्ष (प्रत्येक पाठ्यक्रम) भर्ती क्षमता का प्रशिक्षण केन्द्र खोलने की संस्तुति निरीक्षकों द्वारा की गयी है।

अतः उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी के निरीक्षकों द्वारा प्रेषित निरीक्षण रिपोर्ट/संस्तुति की प्रति भेजते हुए शासन से अनुरोध है कि <u>किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय इन्स्टीटयूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज, लखनऊ द्वारा डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री, डिप्लोमा इन आर्थोप्टिक्स, डिप्लोमा इन फिजियोथिरेपी, डिप्लोमा इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन कार्डियोलोजी टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन सी0टी0 स्कैन टेक्नीक्स, डिप्लोमा इन एम0आर0आई0 टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन सेनीटेशन एवं डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन प्रशिक्षणों में 30 छात्र</u> प्रतिवर्ष (प्रत्येक पाठ्यक्रम) भर्ती क्षमता के प्रवेश करने हेतु फैकल्टी की एक्जीक्यूटिव समिति द्वारा अनुमोदित निरीक्षण आख्या/संस्तुति के क्रम मे शासन स्तर से अनुमोदन कर मान्यता प्रदान करनें की कृपा करे।

भवदीय,

25/8/2014

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ - 226001

फोन : 0522 - 2238846, 2236800, फैक्स : 0522-2237800

पत्रांक सं0 9573/14 दिनांक 30/10/14

सेवा में,

कुलपति,
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय
इन्स्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज,
लखनऊ।

विषय–किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय इन्स्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज लखनऊ में डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री, डिप्लोमा इन आर्थोप्टिक्स, डिप्लोमा इन फिजियोथिरेपी, डिप्लोमा इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन कार्डियोलोजी टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन सी0टी0 स्कैन टेक्नीक्स, डिप्लोमा इन एम0आर0आई0 टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन सेनीटेशन एवं डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन प्रशिक्षण कोर्स प्रारम्भ करने हेतु सम्बद्धता प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके आवेदन–पत्र के सन्दर्भ में मुझे सूचित करना है कि उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी की गवर्निंग बाडी के निर्णय एवं उ0प्र0 शासन चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–2 के शासनादेश संख्या–3076/71–2–14–एन–50/2014 दिनॉक 26 सितम्बर, 2014 के क्रम में आपके प्रशिक्षण केन्द्र में निम्नलिखित डिप्लोमा प्रशिक्षणों के सम्मुख तालिका में अंकित भर्ती क्षमता के अनुसार प्रति शैक्षिक वर्ष हेतु अनुमति/अनापत्ति अस्थाई रूप से प्रदान की गई है:–

| क्र.सं. | प्रशिक्षण का नाम | सीट क्षमता |
|---|---|---|
| 1. | डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन | 30 |
| 2. | डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री | 30 |
| 3. | डिप्लोमा इन आर्थोप्टिक्स | 30 |
| 4. | डिप्लोमा इन फिजियोथिरेपी | 30 |
| 5. | डिप्लोमा इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | 30 |
| 6. | डिप्लोमा इन कार्डियोलोजी टेक्नीशियन | 30 |
| 7. | डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन | 30 |
| 8. | डिप्लोमा इन सी0टी0 स्कैन टेक्नीक्स | 30 |
| 9. | डिप्लोमा इन एम0आर0आई0 टेक्नीशियन | 30 |
| 10. | डिप्लोमा इन सेनीटेशन | 30 |
| 11. | डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन | 30 |

क्रमशः.........2

**प्रवेश हेतु शैक्षिक अर्हता एवं अन्य शर्तें:–**

1. प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट विज्ञान वर्ग (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान अथवा गणित) सहित उत्तीर्ण होना चाहिए।
2. अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 17 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए।
3. निजी क्षेत्र में चल रहे डिप्लोमा प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा प्रशिक्षण के दौरान छात्रों से अधिकतम रूपया 36,000/–(रूपया छत्तीस हजार) प्रतिवर्ष (रूपया 3,000/–प्रतिमाह) प्रशिक्षण शुल्क लिया जा रहा है।
4. समाचार–पत्रों में विज्ञापन जारी करने से पूर्व विज्ञापन के आलेख (प्रारूप) का इस कार्यालय से अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् ही समाचार–पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराया जाये।
5. प्रवेश सत्र प्रतिवर्ष जुलाई/अगस्त से प्रारम्भ किया जायेगा तथा प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा निर्धारित प्रशिक्षण अवधि पूर्ण होने के पश्चात् परीक्षक संस्था उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा करायी जायेगी। अन्तिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् उन्हें डिप्लोमा प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। सिलेबस की प्रति संलग्न है।
6. डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री, डिप्लोमा इन आर्थोप्टिक्स, डिप्लोमा इन फिजियोथिरेपी, डिप्लोमा इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन कार्डियोलोजी टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन सी0टी0 स्कैन टेक्नीक्स, डिप्लोमा इन एम0आर0आई0 टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन सेनीटेशन एवं डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन प्रशिक्षणों में भर्ती हेतु चयन सूची प्रकाशित करने से पूर्व चयनित अभ्यार्थियों के शैक्षिक योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्रों की प्रतियों सहित चयन सूची का अनुमोदन फैकल्टी से प्राप्त करने के पश्चात् ही प्रशिक्षण में प्रवेश लिया जायेगा। चयन सूची में अभ्यार्थियों का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि एवं पता स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए।
7. प्रशिक्षण केन्द्र में कार्यरत अध्यापकों के नाम की सूची, शैक्षिक योग्यता, अनुभव की अवधि तथा प्रत्येक अध्यापक द्वारा पढ़ाये जाने वाले विषयों का उल्लेख सहित समस्त विवरण संलग्न प्रोफार्मा में भरकर प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों के चयन करने से पूर्व इस कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें।
8. निर्धारित भर्ती क्षमता से अधिक प्रवेश न किया जाये।
9. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा का शुल्क रूपया 2,000/– प्रति छात्र प्रतिवर्ष जमा कराना होगा। द्वितीय वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् छात्रों का पंजीयन उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा किया जायेगा। पंजीयन शुल्क रूपया 1,500/– प्रति छात्र कार्यालय में पंजीयन कराते समय अभ्यर्थी स्वयं जमा करेगा। प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण आवश्यकतानुसार प्रतिवर्ष कराया जायेगा, निर्धारित मानक पूरे होने के पश्चात् ही मान्यता/सम्बद्धता आगे बढ़ायी जायेगी।

क्रमशः............3

10. आपके प्रशिक्षण केन्द्र में उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा संचालित प्रशिक्षण के अतिरिक्त किसी अन्य संस्थाओं/विश्वविद्यालयों से डिप्लोमा प्रशिक्षण बिना उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी की पूर्वानुमति के नहीं चलाये जायेगें, यदि आप द्वारा इस शर्त का किसी स्तर पर उल्लंघन किया जाता है तो फैकल्टी द्वारा दी गई मान्यता/सम्बद्धता समाप्त कर दी जायेगी।

11. प्रत्येक वर्ष में प्रवेशित छात्रों का इनरोलमेन्ट कार्यालय की वेबसाइट www.upsmfac.org पर करना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

पत्र संख्या— दिनाँक—

**प्रतिलिपि**—विशेष सचिव, उ0प्र0 शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग—2, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

117

253

# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ - 226001
फोन : 0522 - 2238846, 2238600, फैक्स : 0522-2237800

पत्रांक सं0 10987/17 दिनांक 22/12/17

K.G.M.U. Institute of Paramedical Sciences, KG Medical University UP Lucknow — No. 551 Date 6/01/2018

सेवा में,

कुलपति,
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय
इन्स्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज,
लखनऊ।

**विषय–किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय इन्स्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज लखनऊ में डिप्लोमा इन ब्लड ट्रांसफ्यूजन टेक्नीशियन प्रशिक्षण कोर्स प्रारम्भ करने हेतु सम्बद्धता प्रदान किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके आवेदन–पत्र के सन्दर्भ में मुझे सूचित करना है कि उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी की गवर्निंग बाडी के निर्णय एवं उ0प्र0 शासन चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–2 के शासनादेश संख्या–5694/71–2–17–एन–8/2016 दिनॉक 15 दिसम्बर, 2017 के क्रम में आपके प्रशिक्षण केन्द्र में डिप्लोमा इन ब्लड ट्रांसफ्यूजन टेक्नीशियन प्रशिक्षण में 30 छात्र प्रति शैक्षिक वर्ष हेतु अनुमति/अनापत्ति अस्थाई रूप से प्रदान की गई है।

<u>प्रवेश हेतु शैक्षिक अर्हता एवं अन्य शर्तें:–</u>

1. प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट विज्ञान वर्ग (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान अथवा गणित) सहित उत्तीर्ण होना चाहिए।
2. अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 17 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए।
3. निजी क्षेत्र में चल रहे डिप्लोमा प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा प्रशिक्षण के दौरान छात्रों से अधिकतम रूपया 54,000/–(रूपया चौवन हजार) प्रतिवर्ष (रूपया 4,500/–प्रतिमाह) प्रशिक्षण शुल्क लिया जा रहा है।
4. समाचार- पत्रों में विज्ञापन जारी करने से पूर्व विज्ञापन के आलेख (प्रारूप) का इस कार्यालय से अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् ही समाचार–पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराया जाये।
5. प्रवेश सत्र प्रतिवर्ष सितम्बर/अक्टूबर से प्रारम्भ किया जायेगा तथा प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा निर्धारित प्रशिक्षण अवधि पूर्ण होने के पश्चात् परीक्षक संस्था उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा करायी जायेगी। अन्तिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् उन्हें डिप्लोमा प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। सिलेबस कार्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

क्रमशः ..... 2

Dean (Paramedical Sciences)

कुलपति
किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0

6. डिप्लोमा इन ब्लड ट्रांसफ्यूजन टेक्नीशियन प्रशिक्षण में भर्ती हेतु चयन सूची प्रकाशित करने से पूर्व चयनित अभ्यार्थियों के शैक्षिक योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्रों की प्रतियों सहित चयन सूची का अनुमोदन फैकल्टी से प्राप्त करने के पश्चात् ही प्रशिक्षण में प्रवेश लिया जायेगा। चयन सूची में अभ्यार्थियों का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि एवं पता स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए।
7. प्रशिक्षण केन्द्र में कार्यरत अध्यापकों के नाम की सूची, शैक्षिक योग्यता, अनुभव की अवधि तथा प्रत्येक अध्यापक द्वारा पढ़ाये जाने वाले विषयों का उल्लेख सहित समस्त विवरण संलग्न प्रोफार्मा में भरकर प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों के चयन करने से पूर्व इस कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें।
8. निर्धारित भर्ती क्षमता से अधिक प्रवेश न किया जाये।
9. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा का शुल्क रूपया 2,500/– प्रति छात्र प्रतिवर्ष जमा कराना होगा। द्वितीय वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् छात्रों का पंजीयन उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा किया जायेगा। पंजीयन शुल्क रूपया 1,500/– एवं 250/–स्मार्ट कार्ड शुल्क ( कुल शुल्क रू0 1750/–) प्रति छात्र कार्यालय में पंजीयन कराते समय अभ्यर्थी स्वयं जमा करेगा। प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण आवश्यकतानुसार प्रतिवर्ष कराया जायेगा, निर्धारित मानक पूरे होने के पश्चात् ही मान्यता/सम्बद्धता आगे बढ़ायी जायेगी।
10. आपके प्रशिक्षण केन्द्र में उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा संचालित प्रशिक्षण के अतिरिक्त किसी अन्य संस्थाओं/विश्वविद्यालयों से डिप्लोमा प्रशिक्षण बिना उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी की पूर्वानुमति के नहीं चलाये जायेगें, यदि आप द्वारा इस शर्त का किसी स्तर पर उल्लंघन किया जाता है तो फैकल्टी द्वारा दी गई मान्यता/सम्बद्धता समाप्त कर दी जायेगी।
11. प्रत्येक वर्ष में प्रवेशित छात्रों का इनरोलमेन्ट कार्यालय की वेबसाइट www.upsmfac.org पर करना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

पत्र संख्या–

दिनॉक–

**प्रतिलिपि**–प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–2, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001

फोन : 0522 – 2238846, 2236600, फैक्स : 0522-2237800


पत्रांक सं0 8557/21 दिनांक 21.10.2021

सेवा में,

निदेशक,
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय
इन्स्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज,
शाहमीना रोड, चौक, लखनऊ

**विषयः किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय इन्स्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज, शाहमीना रोड, चौक, लखनऊ में डिप्लोमा इन एनेस्थेसिया एण्ड क्रिटिकल केयर टेक्नालॉजी प्रशिक्षण प्रारम्भ किये जाने की सम्बद्धता/मान्यता के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके आवेदन–पत्र के सन्दर्भ में अवगत करना है कि उ0प्र0 शासन चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4 के शासनादेश संख्या–71–4099/70/2021–4 दिनॉक 07 अक्टूबर, 2021 द्वारा निर्गत अनापित्त/अनिवार्यता प्रमाण–पत्र में वर्णित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन आपके प्रशिक्षण केन्द्र में **डिप्लोमा इन एनेस्थेसिया एण्ड क्रिटिकल केयर टेक्नालॉजी** में 30 छात्र प्रति शैक्षिक वर्ष हेतु मान्यता/सम्बद्धता प्रदान की जाती है। यह मान्यता/सम्बद्धता संस्था द्वारा निरीक्षक दल को दर्शाये गये संसाधनों तथा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों के आधार पर दी जा रही है। यदि कार्यालय को किसी भी समय यह ज्ञात होता है कि आप द्वारा कोई तथ्य छुपाये गये है अथवा मान्यता हेतु छद्म प्रपत्रों, संसाधनों का सहारा लिया गया है तो नियमानुसार मान्यता/सम्बद्धता समाप्त करते हुए आपके विरूद्व यथोचित कार्यवाही की जायेगी।

**<u>प्रवेश हेतु शैक्षिक अर्हता एवं अन्य शर्तें –</u>**

1. प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट विज्ञान वर्ग (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान अथवा गणित) सहित उत्तीर्ण होना चाहिए।
2. अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 17 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए।
3. प्रशिक्षण के दौरान छात्रों से शासकीय मेडिकल कालेजों में अधिकतम रूपया 24,000/– (चौबीस हजार रूपया) प्रतिवर्ष (रूपया 2,000/– प्रतिमाह) प्रशिक्षण शुल्क के रूप में तथा प्रवेश के समय रूपया 2,000/ – पूरे प्रशिक्षण अवधि में एक बार लिया जा रहा है।
4. **डिप्लोमा इन एनेस्थेसिया एण्ड क्रिटिकल केयर टेक्नालॉजी** प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा आयोजित ऑन लाईन प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से छात्रों को चयनित कर भेजा जायेगा। जैसा कि अन्य शासकीय मेडिकल कालेजों के प्रशिक्षण केन्द्र हेतु किया जा रहा है, इस संबंध में शासन के निर्देश अन्तिम होंगे।

...... 2

5. प्रवेश सत्र प्रतिवर्ष 01 अक्टूबर से प्रारम्भ किया जायेगा तथा प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा की तिथि का निर्धारण निर्धारित प्रशिक्षण अवधि पूर्ण होने के पश्चात् उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा करायी जायेगी। परीक्षाओं का संपादन संबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा निर्धारित परीक्षा तिथि में सम्पन्न कराकर मूल्यांकन इत्यादि करके इस कार्यालय को प्रेषित करें। सिलेबस की प्रति संलग्न है।
6. प्रशिक्षण केन्द्र में कार्यरत अध्यापकों के नाम की सूची, शैक्षिक योग्यता, अनुभव की अवधि तथा प्रत्येक अध्यापक द्वारा पढ़ाये जाने वाले विषयों का उल्लेख सहित समस्त विवरण संलग्न प्रोफार्मा में भरकर प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों के चयन करने से पूर्व इस कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें।
7. निर्धारित भर्ती क्षमता से अधिक प्रवेश किसी भी दशा में न किया जाये।
8. सम्बद्धता शुल्क रु. 15,000/– प्रतिवर्ष प्रति कोर्स इस कार्यालय में जमा कराया जाता है, किन्तु यह प्रशिक्षण केन्द्र शासकीय क्षेत्र का होने के नाते इसे शुल्क से मुक्त किया जाता है।
9. प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण आवश्यकतानुसार प्रतिवर्ष कराया जायेगा, निर्धारित मानक पूरे होने के पश्चात् ही मान्यता/सम्बद्धता आगे बढ़ाई जायेगी।
10. आपके प्रशिक्षण केन्द्र में उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा संचालित प्रशिक्षण के अतिरिक्त किसी अन्य संस्थाओं/विश्वविद्यालयों से डिप्लोमा प्रशिक्षण बिना उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी की पूर्वानुमति के नहीं चलाये जायेंगे, यदि आप द्वारा इस शर्त का किसी स्तर पर उल्लंघन किया जाता है तो उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा दी गयी मान्यता/सम्बद्धता समाप्त कर दी जायेगी।
11. प्रशिक्षण केन्द्र में बायोमेट्रिक उपस्थिति की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए कार्यालय की वेबसाइट www.upsmfac.org से Link कराना सुनिश्चित करें, जिससे प्रतिदिन टीचिंग फैकल्टी तथा छात्र/छात्राओं की उपस्थिति कार्यालय को प्राप्त हो सके।
12. आपके संस्थान में प्रवेशित छात्रों का online Enrollment तभी हो सकेगा जब आप कार्यालय की वेबसाइट www.upsmfac.org पर उपलब्ध Staff Login Panel पर Teaching Faculty को Enroll कर प्रतिदिन बायोमेट्रिक उपस्थिति भेजना सुनिश्चित करेंगे।
13. कार्यालय की वेबसाइट पर माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 के समकक्ष बोर्ड की सूची दर्शित है उसके अतिरिक्त किसी भी गैर मान्यता प्राप्त बोर्ड से उत्तीर्ण छात्रों का प्रवेश किसी भी दशा में न किया जाये।

भवदीय,

सचिव,

उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी

कार्यालय वेबसाइट– www.upsmfac.org

कार्यालय ई–मेल–upmedicalfaculty@upsmfac.org

Anaesthesia critical care technician: KGMU.